हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 4 जुलाई, 2025

11 चिकित्सक व शिक्षाविद्धों ने पौधरोपण कर दिया ....



12 चांग में फसलों व घरों में भरा बरसाती पानी, सौंपा ज्ञापन



## खबर संक्षेप

### एसपी दरबार में पहुंची खरक की महिलाएं

**भिवानी।** मारपीट के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर गांव खरक की महिलाएं एसपी कार्यालय पहुंची। एसपी को मांगपत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि नौ जून का वाक्या है। वे शाम के वक्त सड़क किनारे तूफान से टूटे पेड़ों की लकड़ियां एकत्रित कर रही थी। इसी दौरान गांव का एक युवक आया और उसने लकड़ी इक्कठी करने से मना कर दिया। उन्होंने बताया कि वे लकड़ियां उसके खेत से इक्कठी नहीं कर रही है, बल्कि वे तूफान से टूटे पेड़ों की टहनियां इक्कठी कर रही है। इस पर वह तैश में आकर पांचों महिलाओं के साथ मारपीट करने लगा।

### 9 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल मे हिस्सा लेंगी आशा

**बाढड़ा।** आशा वर्कर यूनियन की मांगों को लेकर सीएचसी गोपी में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता 4लाक प्रधान सरोज खोरडा ने किया। बैठक में आगामी नौ जुलाई की हड़ताल को सफल बनाने के लिए चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए।कमलेश भर्वी ने कहा कि आशा वर्कर्स एंड फैसिलिटेटर फेडरेशन आफ इंडिया के आह्वान पर नौ जुलाई को हड़ताल रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा केंद्र और राज्य सरकार आशा वर्कर्स के काम को बहुत ही महत्वपूर्ण मानती है। केंद्र और राज्य सरकार आशा वर्कर के कार्यों की प्रोत्साहन राशि नहीं बढ़ाती है।

### ऑन लाइन स्कॉलरशिप के लिए 31 तक आवेदन

**भिवानी।** प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन योजना के लिए वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने की प्रक्रिया 02 जून, 2025 से आरम्भ हो चुकी है, जिसकी अन्तिम तिथि मंत्रालय द्वारा 31 अक्तूबर, 2025 निर्धारित की गई है। जानकारी देते हुए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार एवं सचिव डॉ मुनीश नागपाल ने आज यहां एक प्रेस वक्तव्य में संयुक्त रूप से बताया कि इस स्कीम के अंतर्गत फ्रैश छात्रवृति के लिए पात्र छात्र/छात्राओं की मैरिट कट ऑफ लिस्ट बोर्ड की आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध है।

### पॉलिटेक्निक में दाखिले के लिए पंजीकरण जारी

**लोहारू।** रानी झांसी लक्ष्मी बाई पॉलिटेक्निक में दाखिले के लिए पंजीकरण प्रक्रिया चल रही है। प्राचार्या अंशु भल्ला ने बताया कि तीन वर्ष के लिए डिप्लोमा इंजीनियरिंग और लेटरल एंट्री में दाखिले के लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। संस्थान में 6 ब्रांच कंप्यूटर इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग व डीएमएलटी में तीन वर्षीय डिप्लोमा करवाया जाता है। संस्थान के दाखिला इंचार्ज शशिभूषण ने बताया कि संस्थान में प्रत्येक ब्रांच में 60 सीटें है।

---

### बीपीएल परिवारों को मिलने वाले तेल के दामों की बढ़ोतरी वापस लेने की मांग

# एसयूसीआई ने महंगाई के विरोध में किया रोष-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

दाम में 150 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी के विरोध में जिला उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन






**भिवानी।** विरोध प्रदर्शन करते सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया के पदाधिकारी व कार्यकर्ता व मांगपत्र सौंपते सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (एसयूसीआई) के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने भाजपा सरकार द्वारा बीपीएल परिवारों को मिलने वाले सरसों के तेल के दाम 150 फीसदी बढ़ाने का विरोध जताया और उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। एसयूसीआई के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सरकार पर मनमानी करने एवं गरीब जनता पर महंगाई का बोझ लादने का आरोप लगाया। एसयूसीआई कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने बीपीएल परिवारों को 40 रुपये में मिलने वाले दो लीटर सरसों के तेल के दाम 100 रुपये करने पर विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के जिला सचिव कामरेड रोहताश सिंह व जिला कमेटी सदस्य कामरेड राजकुमार बासिया ने कहा कि गरीबों को मिलने वाला सरसों का तेल 40 रुपये से सीधे बढ़ाकर 100 रुपये करना गरीब जनता के साथ अन्याय एवं धोखा हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के अन्यायपूर्ण एवं गलत फैसले से 47.72 लाख गरीब परिवार प्रभावित होंगे। इस तानाशाही फरमान से हरियाणा सरकार ने प्रदेश के सबसे गरीब लोगों के पेट पर लात मारने का काम किया है। हम इस फैसले की कठोर शब्दों में निंदा करते हैं और इसे तुरंत प्रभाव से वापस लेने की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई ने पहले ही आम लोगों का बुरा हाल कर रखा है और सरकार महंगाई का समाधान करने की बजाय आएदिन महंगाई बढ़ाती जा रही है। विरोध प्रदर्शन में संदीप मेहरा, धर्मबीर सिंह, फुल सिंह, बस्तीराम एडवोकेट, अजय दहिया, विद्या, सुमन, फूलपति व कौशल्या आदि मौजूद रहे।

#### पूंजीपतियों के लिए स्मार्ट मीटर लगाने की योजना

हाल ही में सरकार ने रेल का किराया और बिजली के रेटों में वृद्धि की है। इसके अलावा सरकार स्मार्ट मीटर लगाने जा रही है, जो एक दम पूंजीपतियों के हित में है और जनविरोधी फैसला है। उन्होंने कहा कि 9 जुलाई को 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर हो रही राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया पूरा समर्थन करती है और हड़ताल में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेकर सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध किया जाएगा।

### बसपा ने बिजली व राशन तेल की कीमतों में वृद्धि का जताया विरोध

**भिवानी।** बहुजन समाज पार्टी की बैठक बवानीखेड़ा की संत रविदास धर्मशाला में वीरवार को संपन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्यवक्ता बसपा प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर पहुंचे तथा प्रदेश सचिव जोगेंद्र कायला विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रदीप रंगा ने की। बैठक में प्रदेश सरकार द्वारा बिजली की दरों में वृद्धि और राशन में मिलने वाले खाद्य तेल की कीमतों में बढ़ोत्तरी का कड़ा विरोध जताया और इसे महंगाई बढ़ाने व जनविरोधी बताया। कृष्ण ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार ऐसे फैसले ले रही है, जिनसे आमजन पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने विशेष रूप से बिजली की बढ़ती कीमतों का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे किसानों और छोटे व्यापारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, जो पहले से ही आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने राशन में मिलने वाले खाद्य तेल की कीमतों में वृद्धि पर चिंता जताते हुए कहा कि ये सीधे तौर पर गरीब और मध्यम वर्ग को प्रभावित करेगा। सरकार महंगाई पर नियंत्रण पाने में विफल रही है और उसके फैसले जनता की परेशानियों को और बढ़ा रहे है। सरकार जनविरोधी नीतियों पर चल रही है। बसपा ने चेतावनी दी कि सरकार ने अपने फैसले को वापस नहीं लिया तो पार्टी सड़कों पर आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर रामकिशन गुरेरा, ज्ञानसिंह बागड़ी, जोगीराम मेहरा, रामसिंह एजीएम, पवन बलियाली, राजेश सरोहा, संजय हालुवास, कुलदीप भिवानी, संदीप काजल, जगदीश काजल, जगमेंद्र मौजूद रहे।

---




**भिवानी।** वेटलिफ्टिंग कोच विजय रोहिल्ला के नेतृत्व में एशियन यूथ एंड जूनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए रवाना होते खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

# एशियन यूथ वेट लिफ्टिंग स्पर्धा के लिए खिलाड़ी रवाना

- भिवानी के वेट लिफ्टिंग कोच रोहिल्ला के नेतृत्व में देशभर के 18 खिलाड़ी दिखाएंगे प्रतिभा
- टीम में 10 बेटियां व 8 बेटे कजाकिस्तान में 4 से 10 जुलाई तक लेंगे प्रतियोगिता में भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

कजाकिस्तान के अस्ताना में 4 से 10 जुलाई तक होने वाली एशियन यूथ एंड जूनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए भारत से 8 लड़कों और 10 लड़कियों सहित कुल 18 खिलाड़ी छह कोच भिवानी निवासी वेटलिफ्टिंग कोच विजय रोहिल्ला के नेतृत्व में रवाना हुए। टीम में हरियाणा के दो खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिसमें 69 किलोग्राम भारवर्ग में झज्जर से भावना तथा 77 किलोग्राम भारवर्ग में रोहतक से संजना अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन भिवानी के सचिव विनोद कुमार प्रजापति ने बताया कि महत्वपूर्ण भारोत्तोलन प्रतियोगिता में हरियाणा से दो होनहार खिलाड़ी भारतीय टीम का हिस्सा हैं, जिनसे देश को काफी उम्मीदें है। इन खिलाड़ियों ने अपनी कड़ी मेहनत और लग्न से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है और अब वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि भारतीय टीम का नेतृत्व अनुभवी भारोत्तोलन कोच विजय रोहिल्ला कर रहे है, जिन्होंने वर्षों से भारतीय भारोत्तोलन को अपनी सेवाएं देते हुए कई प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों को तराशा है तथा अबकी बार भी कोच विजय रोहिल्ला के मार्गदर्शन में टीम बेहतर प्रदर्शन कर एक बार फिर से देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेगी। प्रजापति ने कहा कि ये प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों के लिए अपने कौशल का प्रदर्शन करने का मंच है, बल्कि ये उन्हें अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करने और अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने का भी मौका देगी। उन्होंने कहा कि उन्हे पूरा विश्वास है कि इस प्रतियोगिता में भी भारत के खिलाड़ी देश का गौरव बढ़ाने का काम करेंगे।

---

# स्टेशन पर चलाया सर्च अभियान

- जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त रूप से की कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू



**लोहारू।** रेलवे स्टेशन परिसर में यात्रियों से पूछताछ करते हुए जीआरपी चौकी इंचार्ज व अन्य सुरक्षाकर्मी। *फोटो : हरिभूमि*

गुरुवार को रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त जांच अभियान चलाया। जिसमें स्टेशन पर यात्रियों के सामान की जांच की तथा रेलवे पार्किंग में वाहनों चालकों से पूछताछ की। जीआरपी के राजकुमार ने यात्रियों को यात्रा के दौरान सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि रेल यात्रियों को यात्रा के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखना चाहिए और संदिग्ध वस्तुओं को छूना नही चाहिए। किसी संदिग्ध या लावारिश वस्तु दिखाई देने पर उसकी सूचना रेलवे के अधिकारी या कर्मचारी को देनी चाहिए। इसके अलावा रेलवे पार्किंग क्षेत्र में वाहन चालकों से पूछताछ की और वाहनों के दस्तावेज भी देखे। वाहन चालक यातायात नियमों की पालना करें। और सभी दस्तावेज पूरे होने चाहिए। इस मौके पर आरपीएफ के श्यामसुंदर, ओमप्रकाश, अब्दुल वाहिद, कंचन, शीशराम, जीआरपी चौकी इंचार्ज राजकुमार, विनोद, राजबाला, जॉनी मौजूद रहे।

# नेशनल हैंडबॉल: महिलाओं ने जीता कांस्य पदक

- हरियाणा में महिला हैंडबॉल के बढ़ते कद का प्रतीक है महिला टीम की उपलब्धि : कोच विवेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** अतिथियों के साथ पदक विजेता टीम। *फोटो : हरिभूमि*

गुजरात के भुज में 28 जून से 3 जुलाई तक हुई 54वीं एचएफआई सीनियर नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप में हरियाणा की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक अपने नाम किया है, ये जीत न केवल टीम की कड़ी मेहनत और लग्न का परिणाम है, बल्कि हरियाणा में महिला हैंडबॉल के बढ़ते कद का भी प्रतीक है। इस उपलब्धि पर हैडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव डॉ. प्रीतपाल सिंह सलूजा ने हरियाणा की हैंडबॉल टीम को बधाई दी। कोच विवेक खरकिया ने बताया कि चैंपियनशिप में हरियाणा टीम के कोच राजू नाथूवास तथा सहायक कोच अंजु बलजोत व सुदेश कालुवाला रही। वहीं टीम की कप्तान की भूमिका सोनिया लितानी ने निभाई। चैंपियनशिप में देशभर से आई मजबूत टीमों के बीच हरियाणा की बेटियों ने अपनी प्रतिभा और जुझारूपन का लोहा मनवाया। टीम ने मजबूत डिफेंस और अटैकिंग खेल से विरोधियों को कड़ी टक्कर दी। सेमीफाइनल तक का सफर तय करने में टीम ने कई रोमांचक मुकाबलों में जीत हासिल की, जिसमें हर खिलाड़ी का योगदान सराहनीय रहा। सेमीफाइनल में उन्हें कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन टीम ने हार नहीं मानी और कांस्य पदक के लिए खेले मैच में जबरदस्त वापसी की। कोच विवेक ने कहा कि कांस्य पदक मुकाबले में हरियाणा की महिला टीम ने एकजुटता और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए एक प्रभावशाली जीत दर्ज की।

#### जीत से प्रदेश में उत्साह

उन्होंने कहा कि हरियाणा की जीत से पूरे राज्य में खुशी का माहौल है और खेलप्रेमियों को अपनी बेटियों पर गर्व है। हरियाणा की महिला की हैंडबॉल टीम की उपलब्धि पर हैंडबाल कोच नरेश बलोढा, मास्टर सीरीपाल, परवीन दनोदा, विजय कोटियां, डॉ. आकाश परमार, सुमित कोटियां, गौरव कुरुक्षेत्र, राजु लितानी, विकास बहराना, बांद्र लितानी, सुरेंद्र दनोदा, जिला पार्षद राजेश मलिक आदि ने बधाई दी।

# राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के लिए हुई चयन प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- रोहतक में 15 से 17 जुलाई तक होने वाले महाकुंभ के लिए नवा राजगढ़ के स्कूल में आयोजित हुई ट्रॉयल, दिखा उत्साह।



**भिवानी।** स्टाफ के साथ राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के लिए चयनित टीम।

रोहतक में 15 से 17 जुलाई तक होने वाली हरियाणा खेल महाकुंभ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए गांव नवा राजगढ़ स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। एईओ सत्यवान ने बताया कि चयन ट्रायल में पुरूष एवं महिला टीम की नेटबॉल खिलाड़ियों ने अपना उच्च प्रदर्शन किया। जिसके उपरांत उनका राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के लिए होगा।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में बॉस्केट बॉल कोच सुमित, नेटबॉल प्रशिक्षक मनोज कुमार, विद्यालय प्राचार्य सुखबीर सिंह यादव, एईओ सत्यवान कोच, डीपीई दिनेश सहित समस्त स्टाफ और ग्रामीणों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# लोहारु के एसडीएम को सौंपी अतिरिक्त जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढड़ा

- एसडीएम विरेंद्र सिंह को मिला बाढड़ा का कार्यभार

एसडीएम आशीष सांगवान के शैक्षणिक अवकाश पर होने के कारण यहां के उपमंडल अधिकारी का कार्य देख रहे मनोज दलाल को बाढ़ड़ा से हटाकर लोहारु के साथ साथ तोशाम उपमंडल की जिम्मा दिया गया है वहीं चरखी दादरी जिला परिषद के सीईओ व दादरी के एसडीएम विरेंद्र सिंह को बाढड़ा उपमंडल का कार्यभार दिया गया है।

तहसीलदार सज्जन सिंह के रिलीव होने के बाद आज डीआरओ राजकुमार ने तहसीलदार का कार्यभार संभाल लिया है तथा आज तहसील, एसडीएम व सरल केन्द्रों सहित राजस्व कार्यालयों का दौरा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिया। एसडीएम से लेकर तहसीलदार, बीडीपीओ के लगातार हो रहे तबादलों से एक सप्ताह में दो- दो अधिकारी कार्यभार मुक्त हो रहे है वहीं नए अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार देकर अधिकारियों का लगातार तबादला होने से कामकाज पर ग्रहण लगा हुआ है। लोहारु के एसडीएम मनोज दलाल के बाढड़ा उपमंडल अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार देते ही नशामुक्ति शिविर व पर्यावरण सरंक्षण की मुहिम शुरु करते ही तोशाम भेज दिया। लोहारू के एसडीएम को बाढड़ा लिंक अफसर से हटाकर तोशाम के लिंक अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी।

---

# लोहारू में 12 वाहनों के काटे चालान

- पुलिस ने वीरवार को कस्बें में चलाया विशेष जांच अभियान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू




**लोहारू।** लोहारू में यातायात जागरूकता कार्यक्रम के तहत वाहनों की जांच करते हुए लोहारू पुलिस टीम। *फोटो : हरिभूमि*

लोहारू थाना पुलिस टीम बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर नाके लगाकर वाहनों की जांच की। पुलिस के इस अभियान से इलाके में हडक़ंप मंच गया। कई वाहन चालक पतली गलियों से खिसकते दिखाई दिए। अभियान के दौरान पुलिस ने 12 वाहनों के चालान काटे और कई वाहन इंपाउंड किए। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने कहा कि यातायात नियमों को ताक पर रखने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। लोहारू थाना पुलिस टीम गुरुवार सुबह मुस्तैद नजर आई और सुबह सात बजे से शहर के दादरी मोड़, चौ देवीलाल चौक और शहीद भगत सिंह चौक पर तैनात दिखाई दी। पुलिस टीम ने यहां से गुजरने वाले वाहनों की जांच की और दस्तावेजों देखे। पुलिस टीम ने यातायात नियमों की उलंघन करने वाले 12 वाहनों के चालक काटे और जिनमें कइयों को इंपाउंड भी किया।

### पहली बारिश ने खोली पानी निकासी के पुख्ता दावों की पोल

# बरसात से बाढड़ा की गलियां व सड़कें जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढड़ा



**बाढड़ा।** बारिश के बाद कस्बे की सड़कों पर जमा बारिश के पानी का दृश्य।

मानसून सीजन की पहली बरसात ने ही कस्बें को जलमग्र कर दिया है। प्रदेश सरकार के लोकनिर्माण विभाग की लापरवाह कार्यशैली से कस्बे का आमजन जलभराव की समस्याओं से जूझ रहा है। लंबे समय से जलभराव की समस्या से परेशान व्यापारियों की मांग पर पीडब्ल्यूडी ने एक साल पहले ही लाखों रुपये खर्च कर जुई व जेवली रोड़ का दो बार नवीनीकरण किया लेकिन आज पहली बरसात में ही सभी सड़क मार्गों पर जगह जगह गंदे पानी का भराव बना हुआ है जिससे लोगों में सरकार की कार्यशैली को लेकर रोष बना हुआ है। कस्बे के जुई रोड़ स्थित केनाल विश्राम गृह के सामने से गुजरने वाली मुख्य सड़कमार्ग व बाढड़ा से झोझूकलां रोड़ के जेवली सड़कमार्ग पर आज पहली बरसात में सौ से दो सौ मीटर में पानी भरा हुआ है। जिसे निकालने के लिए पीडब्ल्यूडी ने करीब एक साल पहले दोनों सड़कों से पानी को निकासी के लिए सीमेंट के नए 4लॉक लगाए लेकिन विभाग के प्रथम प्रयास में ही सारे पैसे एक तरह से पानी में बह गए हैं और जनता परेशानी से जूझ रही है। दोनों सड़कों पर अब भी पानी जमा है जिससे दो पहिया तो दूर चार पहिया वाहन भी गुजरने से गुरेज कर रहे हैं वहीं दोनों तरफ बनी दुकानों में भी बरसाती व घरों से निकलने वाला गंदा पानी भर रहा है जिसको लेकर प्रशासन कोई कदम नहीं उठा पा रहा है।

#### कुंभकर्णी नींद सोई हैं सरकार और प्रशासन

हरियाणा एक्स सर्विसमेन लीग जिलाध्यक्ष राजेश श्योराण बाढड़ा ने बताया कि कस्बे के जुई रोड़, जेवली रोड़ व वहां संचालित सैनिक केंटीन के सामने पानी जमा होने से वृद्ध सैनिकों, विधवाओं व स्कूली बच्चों को सबसे अधिक समस्या झेलनी पड़ रही है। सामाजिक संगठनों, भूतपूर्व सैनिकों व व्यापारियों ने पिछले छह माह से बार -बार सरकार को समस्या से अवगत करवाने के लिए एसडीएम, बीडीपीओ व पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को मांगपत्र दें चुके हैं, लेकिन अभी तक समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। जिससे लोगों में रोष व्याप्त है।

## खबर संक्षेप



### भैया मंदिर में हवन, भंडारे और जागरण का आयोजन

**भिवानी।** खरकड़ी फाटक के पास भैया मंदिर में हवन-यज्ञ, भंडारे व जागरण का आयोजन किया। हवन-यज्ञ व भंडारे का शुभारंभ मंदिर के महंत ईश्वर गिरी महाराज ने भैया की पूजा अर्चना करके किया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष जुलाई माह के प्रथम बृहस्पतिवार को बाबा भैया के नाम से हवन-यज्ञ, भंडारे व जागरण का आयोजन किया जाता है, जिसमें सैंकड़ों की संख्या में भक्तजन प्रसाद ग्रहण करते हैं।भक्त बाबा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। उन्होंने बताया कि जागरण में कुरुक्षेत्र से आए कलाकार किताब सिंह, जींद से छजूराम, महेन्द्र, अजमेर ने अपने मधुर भजनों से बाबा की महिमा का गुणगान किया।



### समारोह के लिए निमंत्रण अभियान ने पकड़ी तेजी

**तोशाम।** आगामी 13 जुलाई को भिवानी के मेला ग्राउंड में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय दक्ष प्रजापति जयंती समारोह के लिए निमंत्रण अभियान ने तेज़ी पकड़ ली है। जिसके तहत आयोजन कमेटी के सदस्य प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को इस भव्य समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे है। इसी कड़ी में आयोजन कमेटी के सदस्यों पूर्व चेयरमैन मामनचंद, धर्मबीर ठेकेदार, रामशरण, सतपाल ठेकेदार, सतबीर बेरला, रमेश टांक, पूर्व सरपंच रत्तन बब्बन, राजपाल, कृष्ण वर्मा, धर्मबीर प्रजापति, जापान सिंह, जोगेंदर, मंगतू राम, जगदीश कुमार, मामन राम, मनीराम, कृष्ण कुमार, कुलदीप सिंह, रोशन लाल, गजे सिंह, खानक सहित अन्य ने वीरवार को जिला के विभिन्न गांवों में निमंत्रण अभियान चलाया।

### 9 की राष्ट्रीय हड़ताल ऐतिहासिक होगी

**बाढडा।** राष्ट्रीय हडताल की तैयारी के लिए आज भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिला संयोजक सुमेर सिंह ब्लॉक कैशियर रोशन लाल गांव द्वारका शायमकलान निर्माण मजदूरों मनरेगा मजदूरों को स बोधित करते हुए कहा है कि 9 जूलाई की राष्ट्रीय हड़ताल ऐतिहासिक होगी जो केन्द्र व राज्य सरकार के लिए कफन की कील का काम करेगी और मजदूरों व कर्मचारियों को ताकत मिलेगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार मजदूरों को कार्पोरेट का गुलाम बना रही है, मजदूरों द्वारा संघर्ष के बल पर हासिल किए गए 44 श्रम कानूनों को 4 कोड में बदल कर मजदूरों के खिलाफ और कारपोरेट के पक्ष में सुधार के नाम पर लागू किये जा रहे हैं जिसे मजदूर जमात किसी भी सुरत में बर्दाश्त नही करेगी और 9 जूलाई को पूरे देश में काम छोड़ हड़ताल करते हुए सडकों पर उतरेगी ।

## सेक्टर 23 के श्रीरामशरणम आश्रम में चलाया एक पौधा गुरुजी के नाम अभियान

# चिकित्सक व शिक्षाविद्धों ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

स्वामी डॉ. विश्वामित्र को पुष्पांजलि अर्पित की। 70 सामान्य और छायादार पौधें रोपित किए।

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** सेक्टर 23 के श्रीरामशरणम सोसाइटी में पौधरोपण करते अतिथि। *फोटो: हरिभूमि*

सेक्टर 23 स्थित श्रीरामशरणम सोसाइटी द्वारा स्वामी डॉ. विश्वामित्र के निर्वाण दिवस पर एक पेड़ गगुरुजी के नाम से पौधरोपण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत आश्रम परिसर में सामूहिक राम नाम जाप से की गई। इसके पश्चात श्रद्धांजलि स्वरूप नीम, पीपल, बरगद (त्रिवेणी) आम, जामुन, अशोक, अमलतास आदि के 70 सामान्य व छायादार पौधें रोपित किए। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि हलवासिया विद्या विहार स्कूल के प्रशासक डॉ. शमशेर सिंह अहलावत व विशिष्ट अतिथि भारत ईएनटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. रूपेन्द्र रंगा ने शिरकत की। पौधरोपण कार्यक्रम में शिक्षाविद दीवानचंद रहेजा, प्राचार्य विमलेश आर्य, जवाहर मित्ताथल, सुवेरा गर्ग आदि उपस्थित रहे। अतिथियों ने एक पौधा गुरूजी के नाम लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज के मशीनीकरण युग में पर्यावरण प्रदूषण निरंतर बढ़ता जा रहा है, जिसे केवल पौधों के सहारे ही कम किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में एक पौधा गुरूजी के नाम लगाकर उनके लालन-पालन की जिम्मेदारी लें और आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करें। ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. रुपेंद्र रंगा, दीवानचंद व डॉ. शमशेर ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ वातावरण का होना बहुत जरूरी हैं, जो हमें पेड़ पौधों से ही मिल सकता हैं। पेड़ पौधें हमें जीवनदायिनी शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जिसकी हमें बिगड़े पर्यावरण प्रदूषण में संख्त जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को ये प्रण लेना चाहिए कि वह जन्मदिन, शादी विवाह सहित किसी भी शुभ कार्य की शुरूआत पौधरोपण से करें, जिससे पर्यावरण संरक्षण हो सकें। इस अवसर पर केके वर्मा, शशि अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, करतार सैनी, श्याम सैनी, पूर्व आयकर अधिकारी सतबीर रंगा, पीपी महता, संदीप वधवा, मनीष कुमार, विवेक चौधरी, सुनील शर्मा, कैलाश रहेजा, हीना वधवा, रेखा ढिल्लो आदि उपस्थिति रही।



**भिवानी।** एक पेड़ बेटी और मां के नाम लगाते अतिथि। *फोटो: हरिभूमि*

## महिला एवं बाल विकास विभाग ने चलाया एक पेड़ बेटी के नाम अभियान

- जिलेभर की आगनवाड़ियों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर लगाए पौधें
- एक पेड़ मां और बेटी के नाम लगाया : किरण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हरियाणा सरकार व उपायुक्त साहिल गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन और महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी वैशाली के नेतृत्व में हनुमान ढाणी आगनबाड़ी केंद्र में महिला एवं बाल विकास विभाग ने एक पेड़ बेटी के नाम तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया और पौधेरोपित किए। इस अवसर पर महिलाओं, किशोरियों, आशा वर्कर, आंगनबाड़ी केंद्र व स्वयंसेवी महिलाओं ने कार्यक्रम में शिरकत की। सीडीपीओ किरण देवी, सुपरवाइजर प्रगति कुमारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दर्शना व सामाजिक कार्यकर्ता अंजू शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति का मान सम्मान बढ़ाने के लिए एक पेड़ बेटी के नाम लगाया जा रहा है।

**अभियान की ब्रांड एंबेसडर नव्या व आरोही ने भी पौधरोपण किया:** उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हर आंगनबाड़ी केंद्र में ऐसे कार्यक्रम जारी है। हनुमान ढाणी स्थित सैनी धर्मशाला में एक पेड़ बेटी के नाम लगाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज की संस्था द्वारा शुरू किए एक पेड़ मां के नाम अभियान की ब्रांड एंबेसडर नव्या व आरोही ने भी पौधरोपण किया। अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि यह बड़े गर्व की बात है कि बेटियों व माता के नाम से पौधरोपण किया जा रहा है, इस प्रकार के अभियान से बेटी व नारी शक्ति का सम्मान बढ़ेगा।

**ये रहीं मौजूद:** कार्यक्रम में शिक्षाविद सुमित्रा देवी, पूनम, अंजलि देवी, कविता, शीतल, ज्योति, आशा रानी, मीना वर्मा, उषा देवी, ज्ञानदेवी, सारिका आदि उपस्थित रही।

# नवनियुक्त बीएलओ का प्रशिक्षण शुरू

- प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत जरूरी हैं : नायब तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** बीएलओ को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक। *फोटो: हरिभूमि*

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में नियुक्त किए बूथ लेवल ऑफिसर का प्रशिक्षण वीरवार को लघु सचिवालय में शुरू हुआ। चुनाव नायब तहसीलदार ने कहा कि ये प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत जरूरी हैं, ताकि निर्वाचक नामावली की तैयारी व चुनावों का संचालन जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, 1951, निर्वाचन नियम 1960, चुनाव संचालन नियम 1961 एवं निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित किया जा सके।उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतंत्र में कानून से अधिक पारदर्शी कुछ नहीं हो सकता और भारत में चुनाव पूरी तरह कानून के अनुसार संपन्न होते हैं।

प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को आरपी अधिनियम 1950 की धारा 24(क) व 24(ख) के अंतर्गत अंतिम निर्वाचक नामावली के विरुद्ध जिला मजिस्ट्रेट, जिला कलेक्टर, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष पहली एवं दूसरी अपील की प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही अपील की कि वे फील्ड स्तर पर मतदाताओं को इन प्रावधानों के बारे में भी जागरूक करें।

# लंबित मामलों का निदान करें: एसडीएम

- अधिकारी और कर्मचारी शिकायतों का समाधान करते समय पारदर्शिता और त्वरित कार्यवाही को प्राथमिकता दें

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम



**तोशाम।** अधिकारियों को दिशा निर्देश देते एसडीएम। *फोटो: हरिभूमि*

एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने कहा कि सरकार द्वारा जारी निर्देशोंनुसार प्रशासन आमजन की शिकायतों के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी शिकायतों का समाधान करते समय पारदर्शिता और त्वरित कार्यवाही को प्राथमिकता दें।

एसडीएम डॉ अशवीर नैन ने वीरवार को समाधान शिविर में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर, जन संवाद कार्यक्रम, सीएम विंडो, सरल केन्द्रों और एसएम जीटी पोर्टल पर लंबित मामलों का समयबद्ध निदान करें। एसडीएम अपने कार्यालय में समाधान शिविर, सीएम विंडो और एसएमजीटी पोर्टल पर और अन्य आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली के जरिये आई लंबित मामलों के संबंध में अधिकारियो और कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। शिविर के दौरान सबसे अधिक लंबित मामले राजस्व विभाग से सम्बंधित रहे, वहीं फैमिली आईडी और अन्य शिकायतों के सम्बन्ध में एसडीएम ने विशेष चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन विभागों से संबंधित मामलों का शीघ्र समाधान किया जाए।

### सीएम कर रहे निगरानी

एसडीएम डॉ. नैन ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं समाधान शिविर,जन संवाद कार्यक्रमों, सीएम विंडो और एसएमजीटी पोर्टल के माध्यम से दर्ज शिकायतों की निगरानी कर रहे हैं और मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जिला और उपमंडल स्तर तक मामलों की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में केवल कानूनी या प्रशासनिक दृष्टिकोण पर्याप्त नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनशीलता और व्यवहारिक सोच भी उतनी ही जरूरी है। डॉ. नैन ने कहा कि आमजन की शिकायतों का समाधान प्रशासन की कार्यशैली का प्रतिबिंब होता है। यदि प्रशासन नागरिकों को पारदर्शी, त्वरित और संतोषजनक समाधान देने में सफल होता है तो इससे जनता का विश्वास बढ़ता है और प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होती है।

# ओवरफ्लो सीवरेज बना परेशानी का सबब

- सब्जीमंडी में क्षेत्र में दुकानदार और राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू



**लोहारू।** लोहारू सब्जी मंडी सडक़ मार्ग पर ओवरफ्लो सीवरेज दिखाते हुए दुकानदार।

जनस्वास्थ्य विभाग की कथित लापरवाही के कारण इन दिनों सब्जीमंडी में क्षेत्र में ओवरफ्लो सीवरेज दुकानदारों और आम राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

सीवरेज ने निकलने वाले गंदे पानी से बना कीचड़ जैसा माहौल और उसे उठती दुर्गंध के कारण वहां गुजरना तक मुहाल हो गया है तथा दुकानदारों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस बारे में जनस्वास्थ्य विभाग के जेई ने शीघ्र समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया है। सब्जी सडक़ मार्ग के दुकानदार अशोक बड़सीवाला, विजय, सुरेश चावला, उषा, दीपक शेरसिंह, दरियाङ्कषसह आदि ने कहा कि मानसून का समय आ चुका है और ऊपर से सडक़ मार्ग से गुजरने वाला सीवरेज अभी से ओवर फ्लो हो गया। इस सीवरेज से दिनभर गंदा पानी निकलता रहता और सडक़ पर जमा सीवरेज पानी से दुर्गंध उठती रहती है। जिसके कारण यहां दुकानदारों का दुकान में बैठना तक मुहाल हो गया है। यहीं नही पैदल राहगीर भी इस गंदगी से खासे परेशान है। यहीं नही मोटरसाइकिल व कार आदि के गुजरने से यह गंदगी वाला पानी दुकानों तक में घुस जाता है। सीवरेज ओवरफ्लो होने के कारण यहां उठने वाली दुर्गंध के कारण ग्राहकों की संख्या भी घटने लगी है, जिसका दुकानदारों को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। जेई कपिल के अनुसार सीवरेज को शीघ्र ठीक करने की बात कही गई है। दुकानदारों ने कहा कि यदि सुधार नहीं किया गया तो दुकानदार ठोस कदम उठाने को मजबूर होंगे।

# ईएलआई योजना भ्रामक:ओमप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



कामरेड ओमप्रकाश।

- सरकारी विभागों में खाली पद भरे जाए, न्यूनतम मजदूरी व नौकरी की सुरक्षा दी जाए : ओमप्रकाश

मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी की जिला कमेटी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वरोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना को दी मंजूरी का विरोध जताया, जिसका उद्देश्य बड़े कॉर्पोरेट घरानों को धन हस्तांतरित करना है, ये भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा श्रमिकों की कीमत पर कॉर्पोरेट्स को लाभ पहुंचाने का एक और प्रयास है, ये बात पार्टी के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने जारी ब्यान में कही। उन्होंने कहा कि ईएलआई योजना युवाओं को गुमराह करने के लिए रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता और सामाजिक सुरक्षा बढ़ाने के नाम के साथ सार्वजनिक धन को कॉर्पोरेट्स को हस्तांतरित करने की एक भ्रामक योजना है। उन्होंने कहा कि ये योजना खतरनाक और अनिश्चित नौकरियों को बढ़ावा देती है, निवेश लागत, उत्पादन लागत, श्रम लागत और घरेलू और विदेशी नियोक्ताओं दोनों की वैधानिक देनदारियों को सरकारी खजाने से सब्सिडी देती है, जबकि केन्द्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र व सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर स्थायी भर्ती करने की बजाय उन्हें समाप्त कर रही है और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों को लाभ पहुंचाने वाली मनरेगा के लिए आवंटन में कटौती कर रही है और शहरी क्षेत्रों के लिए इस तरह के रोजगार गारंटी अधिनियम को बनाने की मांग को लगातार नजरअंदाज कर रही है। साथ ही ये कॉरपोरेट्स को प्रोत्साहन के नाम पर भारी रियायतें दे रही है। माकपा ने सरकार से मांग की है कि वह कॉरपोरेट वर्ग को सब्सिडी देने के बजाय पर्याप्त धन आवंटित करके स्वास्थ्य, शिक्षा, सार्वजनिक परिवहन आदि जैसी सार्वजनिक सेवाओं का विस्तार करके न्यूनतम मजदूरी, नौकरी की सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा के साथ बेहतर रोजगार सुनिश्चित करें। सीपीआई सरकार से मांग करती है कि वह ईएलआई योजना को तुरंत खत्म करें और श्रमिकों के हितों की रक्षा करें।

# सेक्टर-13 होगा हरा भरा

- 100 पौधे लगाए मां के नाम, एक पौधा मेरी मां के नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** सेक्टर में पौधारोपित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई मुहिम एक पौधा मां के नाम पर सेक्टरवासी बढ़- चढक़र हिस्सा ले रहे है। इसी कड़ी में आज सेक्टर- 13 में एक पौधा माँ के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेक्टरवासियों ने ग्रीन बेल्ट पर एक पौधा माँ के नाम लगाया।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सूबेदार मेजर महेंद्र सिंह ने कहा की हर वर्ष पौधे लगाने का अभियान चलाया हुआ है। उन्होंने बताया की 2022 में जब से वे सेवानिवृत्त हुए है तभी से पौधा रोपण अभियान तेजी से चलाया हुआ है। उन्होंने बताया की पिछले वर्ष भी 100 पौधे लगाये गए थे। इसी कड़ी में अबकी बार इस मानसून में 100 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। आज भी एजुकेशन बोर्ड की दीवार के पीछे लगते हुए ग्रीन बेल्ट में पौधा रोपण अभियान चलाया जिसमे सेक्टर वासियो ने बढ- चढक़र इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर पीपल, बड व नीम के वृक्ष लगाए गए। कार्यक्रम में पूर्व बैंक अधिकारी राजपाल, दर्शना, विद्या, बिमला, कृष्णा व बलवान सिंह मास्टर सहित अनेक लोगो ने पौधा रोपण किया।

## नवदुर्गा मंदिर में नि:शुल्क योग कक्षा शिविर का आयोजन

# साधक एक महीने से कर रहे नियमित योग

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** साधकों को योगाभ्यास करवाते योगाचार्य जेई बिजेश जावला।

नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के तत्वावधान में मिनी बाईपास स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में प्रतिदिन सुबह 5 बजे से नि:शुल्क योग कक्षा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

योगाचार्य जेई बिजेश जावला के मार्गदर्शन व मंदिर की प्रबंधक उर्मिला सैनी की देखरेख में योग शिविर चल रहा है। योगाचार्य बिजेश जावला ने बताया कि शिविर की खास बात ये है कि कई योग साधक एक माह तक नियमित रूप से योग करें और बताए आहार व दिनचर्या का पालन करें, तो वह 8 से 10 किलो तक वजन कम कर सकता है। जावला ने कहा कि मोटापा बीमारियों की जड़ बन चुका है, आज न तो खेती-बाड़ी में श्रम रह गया, न ही घरेलू कार्यों में कोई ज्यादा परिश्रम, क्योंकि अधिकतर काम मशीनों द्वारा किए जा रहे हैं, जिससे शरीर में चर्बी बढ़ती है और मोटापा आता है।

इससे पूर्व आयोजित योग कक्षाओं में कई साधकों ने उल्लेखनीय रूप से वजन घटाया है। उन्होंने बताया कि हार्ट अटैक, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर बीमारियां मोटापे से ही उत्पन्न होती हैं। शिविर में विशेष रूप से मोटापे को कम करने के लिए व्यायाम, योगासन, प्राणायाम और उचित आहार पर ध्यान दिया जाता है। योगाचार्य जावला प्रतिदिन सूर्य नमस्कार, कपालभाति, भस्त्रिका, ताड़ासन, त्रिकोणासन, पवनमुक्तासन, मंडूकासन आदि विशेष अभ्यास करवाते हैं। प्रबंधक उर्मिला सैनी ने बताया कि फास्ट फूड, जंक फूड, कोल्ड ड्रिंक, तली हुई चीजें, मैदा से बनी मिठाइयां व घी आदि पर नियंत्रण किया जाए और योग को जीवन का हिस्सा बना लिया जाए तो शरीर न केवल तंदुरुस्त बनता है, बल्कि जीवन भी सुरक्षित होता है।

## खबर संक्षेप



### समाधान शिविर लोगों से संवाद का मजबूत माध्यम

**चरखी दादरी।** सीटीएम जितेंद्र कुमार ने स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त मुनीश शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी। जिला स्तरीय समाधान शिविर में नागरिक विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं लेकर पहुंचे। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत एक्शन लेते हुए त्वरित समाधान के निर्देश दिए। सीटीएम ने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए समाधान शिविर प्रदेश सरकार की अनुकरणीय पहल है।



### बेटियों के नाम पर अपने घरों में लगाएं पौधे

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा हलका विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि के बड़े भाई राजेश मास्टर ने अपने निवास स्थान पर बेटियों के नाम से पेड़ पौधे लगाए गए। बेटियों के नाम 'सायना, अंशिका, काव्या' के नाम पर दर्जनों पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि जहां घर-घर जाकर बेटियों के नाम से पेड़ पौधे लगाए जाएंगे। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पौधारोपण करना चाहिए। कोविड-19 ने हमें ऑक्सीजन का महत्व बताया कि किस प्रकार से इंसान ऑक्सीजन के लिए रूपए लेकर घूम रहे थे लेकिन इंसान को बचाने के लिए ऑक्सीजन नहीं मिल रही ।

### 7 कोर्स में 360 सीटों के लिए दाख़िला प्रक्रिया शुरु

**भिवानी।** बंसीलाल बहुतकनीकी संस्थान में तीन वर्ष के डिप्लोमा इंजीनियर और लेटरल एंट्री स्कीम में दाखिला प्रक्रिया आरम्भ हो गई है। प्राचार्या डॉ गीता गुलिया ने बताया कि 07 विभिन्न कोर्सिस में 360 सीटों पर दाखिला किया जाना है, जो कि विभिन्न कैटेगरिज की मैरिट के आधार पर किया जाता है । जिनमें सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर इंजीनियरिंग , मैकेनिकल इंजीनियरिंग, फूड टेक्नोलॉजी, फैशन टेक्नोलॉजी में 60-60 सीटें भरी जानी हैं और फैशन डिज़ाइन तथा इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल इंजीनियरिंग विभाग में 30 सीटें हैं।

## जलभराव से परेशान ग्रामीण पहुंचे विधायक के घर

# चांग में फसलों व घरों में भरा बरसाती पानी, सौंपा ज्ञापन

विधायक के नाम सौंपे ज्ञापन में समस्या के समाधान की मांग, ग्रामीण बोले, बेमौसमी बरसात का पानी भरने से फसलें खराब होने की बढ़ी संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा




**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा हलका के गांव चांग के ग्रामीणों ने विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि के निवास स्थान पर पहुंच कर विधायक के छोटे भाई राकेश वाल्मीकि को बरसाती पानी की निकासी के लिए ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

बवानी खेड़ा हलका के गांव चांग के ग्रामीणों ने विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि के निवास स्थान पर पहुंच कर विधायक के छोटे भाई राकेश वाल्मीकि को बरसाती पानी की निकासी के लिए ज्ञापन सौपा। ज्ञापन सौंपने वाले ग्रामीणों ने बताया कि उनकी फसलों में बेमौसमी बारिश के कारण पानी जमा हो गया है जो फसलों के लिए नुकसानदायक हो रहा है। वहीं गांव में जगह जगह पानी एकत्रित है।

बरसाती पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। जिस वजह से आज भी उनके खेतों व बस्ती में बारिश का पानी जमा है। उन्होंने बताया कि इस वक्त बारिश के पानी की निकासी नहीं हुई तो खेतों में बिजाई की गई कपास, सब्जी की फसलों खतम होने की कगार पर पहुंच गई है। क्योंकि सब्जी की फसलों को ज्यादा पानी की जरूरत नहीं होती। इस समय तापमान ज्यादा है और दिन के वक्त फसलों में जमा पानी गर्मी की वजह से गर्म हो जाता है। जिसके चलते सब्जी की फसलें जलने लगती है। फिलहाल सब्जी की फसलों में आधे से एक फुट तक पानी जमा है। बारिश के पानी की निकासी का कोई प्रबंध नहीं किया गया है। जिस वजह से आज भी फसलों में बारिश का पानी जमा है।

### विधायक के भाई ने दिया आश्वासन

उन्होंने विधायक के आवास पर सौंपे ज्ञापन में बताया कि जल्द ही पानी की निकासी के लिए पैम्पसेट लगवाए जाए। ताकि फसलों से पानी निकल सके व गांव में आवागमन हो सके। ग्रामीणों ने बताया कि यदि पानी नहीं निकाला गया तो उनकी फसलें नष्ट हो सकती है। विधायक के छोटे भाई राकेश वाल्मीकि ने आश्वासन दिया जल्द ही गांव चांग में बरसाती पानी का निकास करवाए जाने का भरोसा दिलाया। यहां यह बताते चले कि दो दिन पहले चांग इलाके में जबरदस्त बारिश हुई थी। फसलों के अलावा रिहायशी कॉलोनियों में भी बारिश का पानी जमा हो गया था। साथ ही गांव के तालाब भी ओवरफलो होने लगे है। जिस वजह से गांव के लोगों के लिए बारिश का पानी परेशानी खड़ी किए हुए है।

# जागरूकता रैली निकालकर टीबी व कुष्ठ रोग के प्रति किया जागरूक

- मानसिक बीमारियों से समाज में फैली गलत धारणाओं को तोड़ते जागरूकत कार्यक्रम : डॉ. सुमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




**भिवानी।** लोगों को जागरूक करते पीएचसी स्टाफ व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य के आदेशानुसार व डॉ. विकास जनागल के मार्गदर्शन में वीरवार को गांव बामला पीएचसी में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ. नंदिनी लांबा की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में नर्सिंग ऑफिसर प्रीति ने पीएचसी स्टाफ व आशा वर्करों को मानसिक स्वास्थ्य व मानसिक बीमारियों बारे जानकारी दी। नर्सिंग ऑफिसर प्रीति ने सिजोफेनिया, डिप्रेशन, एंग्जायटी जैसी मानसिक बीमारियों व उनके उपचार बारे विस्तारपूर्वक बताया। इस दौरान ब्लॉक आशा कोर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार ने सभी आशाओं को सरकारी अस्पतालों में डिलीवरी करवाने व आशाओं को अपने एरिया की एएनसी को 10 सप्ताह में रजिस्ट्रेशन करने और उनकी आरसीएच आईडी के लिए बताया।

इसके अतिरिक्त टीबी, लेप्रोसी, कोविड टीकाकरण के बारे में जागरूकता फैलाने के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमित ग्रेवाल ने कहा कि समाज में मानसिक बीमारियों को लेकर अक्सर गलत धारणाएं और कलंक जुड़ा होता है, जिससे प्रभावित व्यक्ति मदद मांगने से हिचकिचाते हैं। कार्यक्रम में कलंक को तोड़ने और मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य के समान महत्व देने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

### 18 जुलाई तक चलेंगी पठन माह की गतिविधियां

**बवानीखेड़ा।** आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर में ग्रीष्मकालीन अवकाश के उपरांत विद्यालय में 19 जून से 18 जुलाई 2025 तक पठन माह की शुरुआत की गई है। विद्यार्थियों में पढ़ने की रुचि जागृत करने हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसमें पुस्तकालय से चयनित पुस्तकों पर आधारित क्विज , कक्षा पाठ्यपुस्तकों पर आधारित प्रश्नोत्तरी , कहानी लेखन, बुक मार्क निर्माण, पुस्तक चर्चा आदि शामिल हैं। विद्यालय में एक विशेष सभा का आयोजन भी किया गया जिसमें संविधान हत्या दिवस पर चर्चा की गई। प्राचार्य नीतीश मिश्र ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

# आर्ट ऑफ फैशन कार्यशाला में विद्यार्थियों ने तैयार किए उत्पाद



**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में द आर्ट ऑफ फैशन कॉन्सेप्ट एंड क्रिएशन पर कार्यशाला का अवलोकन करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

- फैशन डिजाइनिंग में रोजगार की अपार संभावनाएं : प्रो . दीप्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में फैशन डिजाइनिंग विभाग द्वारा द आर्ट ऑफ फैशन कॉन्सेप्ट एंड क्रिएशन विषय पर आयोजित दो सप्ताहीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आज समापन हुआ। कार्यशाला के कन्वीनर प्रोफेसर विपिन कुमार जैन तथा आयोजन सचिव डॉ. सोनिका एवं संयुक्त सचिव डॉ. सोनिया रही। विशेषज्ञ सीडीएलयू सिरसा से डॉ. गुरप्रीत कौर भुल्लर ने विद्यार्थियों को फैशन डिजाइनिंग के तकनीकी व गुर सिखाए। कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी ने कहा कि भगवान ब्रह्मा सृष्टि के सृजनकर्ता हैं। क्रिएशन अपने आप में अमूल्य एवं महत्वपूर्ण है। फैशन डिजाइनिंग में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। विद्यार्थी नौकरी पाने वाले नहीं बल्कि दूसरों को नौकरी देने वाले बनें, वे स्वरोजगार अपनाकर अन्य लोगों के लिए रोजगार सृजन कर राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

### दिखाई उत्सुकता

डॉ. गुरप्रीत कौर भुल्लर ने अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि कार्यशाला में विश्वविद्यालय का पूर्ण सहयोग मिला और विद्यार्थियों में कार्यशाला में सीखने के प्रति पूर्ण उत्साह एवं जिज्ञासा रही है। विद्यार्थियों ने कार्यशाला में उनके द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। कुलपति प्रोफेसर दीप्ति व कुलसचिव डॉ. भावना शर्मा इत्यादि ने अवलोकन किया। कुलपति ने सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व कुलसचिव डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज, डॉ. सुरेश मलिक, प्रोफेसर संजीव कुमार, प्रोफेसर ललिता गुप्ता, प्रोफेसर एसके कौशिक आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री विवाह शगुन की सहायता राशि में की बढ़ोतरी

- पिछड़ा वर्ग परिवार को शगुन के तौर पर मिलेंगे 51 हजार रूपए

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार ने गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी को लेकर एक और सराहनीय कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत दी जाने वाली शगुन राशि में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। अब पिछड़ा वर्ग परिवार को विवाह के अवसर पर कन्यादान के रूप में 51 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इससे पहले यह राशि 41 हजार रुपये थी। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

इससे 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले हजारों पात्र परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की कन्याओं के विवाह में सहायता प्रदान करना है। इससे गरीबी परिवारों को बेटियों के विवाह, किसी भी वर्ग की महिला खिलाड़ियों को उनकी स्वयं की शादी और ऐसे दिव्यांग जोड़ों में से पति या पत्नी में से कोई एक दिव्यांग होने पर भी अब 51 हजार रुपये की राशि कन्यादान स्वरूप दी जाएगी। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के अलावा एससी, एसटी के पात्र परिवारों को 71 हजार रुपये की राशि विवाह के लिए दी जा रही है। विधवा, तलाकशुदा, अनाथ या बेसहारा महिलाओं के पुनर्विवाह पर पहली शादी के समय योजना का लाभ नहीं लिया तो उसे 51 हजार व नवविवाहित दंपती दोनों दिव्यांग हैं, तो उन्हें भी 51 हजार रुपये की सहायता राशि मिलती है।

# प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण को हो रहा भारी नुकसान: फौगाट

- एचडी स्कूल बिरोहड़ में पर्यावरण सरंक्षण को लेकर कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ में अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया। बच्चों ने साक्षी वत्स की देखरेख में चार्ट, ड्राइंग, श्लोगन बनाए एवं प्रातः प्रार्थना के दौरान बच्चों को प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने शपथ दिलवाई। स्कूल निदेशक बलराज फौगाट ने कहा कि प्लास्टिक आज हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन गया है, लेकिन इसके दुष्प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है, ये न केवल मिट्टी और पानी को प्रदूषित करता है,



**चरखी दादरी।** प्लास्टिक के दुष्प्रभाव पर पेंटिंग बनाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

बल्कि जीव-जंतुओं के लिए भी खतरनाक है। समुद्र में फेंकी गई प्लास्टिक मछलियों और अन्य समुद्री जीवों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। प्लास्टिक का उत्पादन और उसका उपयोग दोनों ही पर्यावरण के लिए हानिकारक हैं। प्लास्टिक को नष्ट होने में सैंकड़ों साल लगते हैं, जिससे ये हमारे पर्यावरण में लंबे समय तक बना रहता है, जिससे बचने के लिए हमें अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करने की जरूरत है। प्राचार्या नमिता दास ने कहा कि सरकार द्वारा भी प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। हमें भी इस पहल का समर्थन करना चाहिए।

# पुलिस ने पार्षदों को किया जागरूक

- साइबर ठगी की डायल 1930 पर शिकायत रजिस्टर्ड करा कर ठगी किए गए पैसे पा सकते हैं वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




**भिवानी।** साइबर अपराधों के बारे में पार्षदों को जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

साइबर अपराध को लेकर साइबर क्राइम पुलिस ने नगर परिषद भिवानी में नगर परिषद पार्षदों को जागरूक किया गया। प्रवर पुलिस अधीक्षक भिवानी मनबीर सिंह के निर्देश अनुसार थाना साईबर क्राइम पुलिस की टीम ने पार्षदों को साईबर अपराधों के संबंध में जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक किया गया। थाना साइबर क्राइम भिवानी के कांस्टेबल विष्णु सिंह साईबर वालंटियर ने टीम के द्वारा पार्षदों को जानकारी देते हुए बताया कि आज के समय साईबर अपराध चरम पर हैं, साईबर अपराधियों द्वारा आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठगा जा रहा है। साईबर अपराध पर रोकथाम लगाने के लिए जागरूक होने की जरूरत है। इसके लिए बड़े सोशल प्लेटफॉर्म को सावधानी और सतर्कता के साथ प्रयोग करना जरूरी है। साइबर अपराध से बचने के लिए स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करना होगा। इंटरनेट बैंकिंग, ऑनलाइन फ्राड, वालेट और यूपीआई संबंधित धोखाधड़ी से बचना चाहिए।

# विज्ञापन नीति पर हो पुनर्विचार फर्जी पत्रकारों की मान्यता हो रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- पत्रकारों ने लोकसंपर्क विभाग के माध्यम से किया अनुरोध

जर्नलिस्ट क्लब भिवानी ने हरियाणा लोक सम्पर्क विभाग से विज्ञापन नीति पर पुनः विचार करने का अनुरोध किया है। क्लब के प्रधान ईश्वर धामु ने कहा है कि वर्तमान विज्ञापन नीति के तहत मंझले दर्जे के अखबारों की उपेक्षा की जा रही है। जबकि मंझले दर्जे के अखबारों की अहमियत को नकारा नहीं जा सकता। इन अखबारों का अपना पाठक वर्ग है। इसलिए इए वर्ग के अखबारों की महत्ता को सम्मान करते हुए इनको अनुपातिक हिस्से के विज्ञापन दिए जाए। उन्होने बताया कि क्लब की ओर से पहले भी मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया जा चुका है। उन्होने मान्यता देने वाली कमेटी के गठन की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि फर्जी और गैर-पत्रकारों की मान्यता रद्द की जाए। जो अखबार निकालते ही नहीं हैं, उनके पत्रकारों को (एकरीडेशन) मान्यता दी हुई है। ऐसे सभी मान्यता रद्द की जाए। धामु ने वरिष्ठ पत्रकारों को मिलने वाली सम्मान पेंशन बढ़ा कर 25 हजार रुपये की जाए। अभी महंगाई का इंडेक्स बढ़ा है तो पेंशन में भी बढ़ोतरी की जाए।

# पार्षदों ने समाधान शिविर में उठाई बिजली की समस्या, एसडीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश

- बिजली आपूर्ति सुचारू बनाने को पार्षदों ने रखीं कई मांग रखी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल सिवानी में बिजली की समस्या को लेकर वीरवार को समाधान शिविर के दौरान एसडीएम विजया मलिक से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने बदहाल बिजली व्यवस्था सहित कई मांगें एसडीएम के समक्ष रखीं। पार्षदों ने बताया कि पुराना बस स्टैंड से पीरबाबा वाली गली, परशुराम चौक, अशोक पार्क, थाने आगे से लेकर गर्ल्स स्कूल तक 11 केवी की ओपन लाइन बिछी हुई है।

### पार्षदों ने ऐसे बताई समस्याएं

जिसे बदलकर एक्सएलपी केबल लगाई जाए ताकि दुर्घटनाओं और लाइन फॉल्ट की संभावनाओं को रोका जा सके। इसके अलावा गर्ल्स स्कूल से रामदेव मंदिर वार्ड 11 तक लगी 16 एमएम की एलटी केबल पर अत्यधिक लोड होने के कारण बार-बार बिजली बाधित होती है, जिसे बदलकर 95 एमएम की केबल लगाने की मांग भी रखी गई।

तोशाम रोड नायक स्वर्ग आश्रम के आगे लगे ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ने से क्षमता बढ़ाने की भी मांग की गई। तोशाम रोड़ के पास लोहारू मोड पास शराब के ठेके के पास एलटी केबल जली हुई है। थिम्बल पंचीग करके केबल जोडी जाए। होली स्कूल के बराबर वाली गली वार्ड नं. 13 में केबल नीचे लटकी हुई है। पोल लगाकर एबी केवल लगाई जाए ताकि समस्या का समाधान हो सके। राजगढ रोड़ गोठडी वाला आरा के आगे मैन सडक पर ट्रासफार्मर बहुत नीचे है जिससे छोटे बच्चे भी आराम से पहुच सकते हैं इसको उपर उठवाया जाए। टेलीफोन एक्सचेंज जहां तारे घरो के उपर से गुजर रही है जिन्हे नए खम्बे स्थापित कर हटाया जाए। पार्षदों ने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली आपूर्ति में को सुचारू बनाकर लोगों की परेशानी दूर की जाए।

# सुई के राजकीय विद्यालय में ली नशा न करने की शपथ




**बवानीखेड़ा।** सुई के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने धूम्रपान निषेध की शपथ लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

**बवानीखेड़ा।** गांव सुई के वीर शहीद सुबेदार निहाल सिंह ''वीर चक्र'' राजकीय वरिष्ठ माध्मिक विद्यालय के बच्चो ने धूम्रपान निषेध की शपथ ली। प्राचार्य राजेश कुमार ने बच्चो को कहा की जीवन में धूम्रपान कभी नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा की नशा जीवन को धीरे धीरे खत्म कर देता है। बच्चे कच्ची मिट्टी के मटके की तरह होते है। इसी उम्र में बच्चे नशा करना सीखते है क्योंकि उन्हें अपने अच्छे बुरे का नहीं पता होता है। उन्होंने बच्चों को सतर्क करते हुए कहा की कोई भी उन्हें नशा करने को कहे तो इससे बचना चाहिए बल्कि अपने परिवार और अध्यापकों को इसकी जानकारी देनी चाहिए। उन्होंने कहा की शिक्षा विभाग के अधिकारी भी बार बार बच्चो को जागरूक करवाने के लिए मुहिम चलवा रहे है ताकि इससे बचा जा सके।

**बैठक** विधेयक लोकसभा व राज्यसभा में पारित होने से रिटायर्ड कर्मियों में आक्रोश: वजीर

# पेंशन वित्त विधेयक के विरोध में 15 जुलाई को विरोध प्रदर्शन, 17 को जंतर-मंतर पर धरना

सरकार ने कर्मचारियों से नए विधायक में कोर्ट जाने का भी अधिकार छीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा भिवानी की जिला कार्यकारिणी की बैठक वीरवार को जिला प्रधान नरेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई तथा संचालन जिला सचिव राजबीर कादयान ने किया। बैठक में अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स फैडरेशन के राष्ट्रीय उपप्रधान एवं संघ के राज्य प्रधान मास्टर वजीरसिंह, राज्य महासचिव रतन जिंदल व राज्य के मुख्य सलाहकार मास्टर शेरसिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला प्रधान शर्मा ने बैठक में कहा कि केंद्र सरकार ने पेंशन वित्त विधेयक




**भिवानी।** बैठक को संबोधित करते रिटायर्ड कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान मास्टर वजीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

2025 लोकसभा व राज्यसभा में पारित करवा लिया है, जिसके अनुसार 31 दिसंबर से पहले रिटायर्ड कर्मचारियों को 8वें वेतन आयोग के लाभ से वंचित करता है तथा उन्हें न्यायालय में भी अपील करने का अधिकार नहीं होगा, जिसका रिटायर्ड कर्मचारियों में आक्रोश है। इस विधेयक के विरोध में पूरे देश में जिलास्तर पर उपायुक्त कार्यालयों पर 15 जुलाई को धरना प्रदर्शन किए जाएंगे। इसी कड़ी में भिवानी में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा, अगर फिर भी केन्द्र सरकार नहीं चेती तो 17 सितंबर को जंतर-मंतर दिल्ली में प्रदर्शन किया जाएगा। राज्य प्रधान मास्टर वजीर सिंह ने कहा कि पूरे राज्य में इस विधेयक को लेकर भारी आक्रोश है

### कोरोनाकाल का महंगाई भत्ता भी डकार गई सरकार

राज्य महासचिव रतन जिंदल ने कहा कि केंद्र सरकार पहले ही कोरोना की बीमारी का बहाना बना 18 माह का महंगाई भता डकार चुकी है, अब सरकार की पैंशन पर गिद्ध नजर है। रिटायर्ड कर्मचारी संघ 9 जुलाई की राष्ट्रीय हड़ताल का पूरा समर्थन करता है तथा हड़ताल में सक्रिय हिस्सेदारी भी करेंगे। मास्टर शेरसिंह ने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारियों की 65 वर्ष की आयु में 10 प्रतिशत व 75 वर्ष की आयु में 20 प्रतिशत की मूल पैंशन में वृद्धि की जाए, कम्यूट राशि 11 वर्ष तक ही काटी जाए, सभी सरकारी व पैनल वाले अस्पतालों में मुफ्त ईलाज किया जाए तथा मेडिकल भता तीन हजार रूपये किया जाए, पहले की तरह वरिष्ठ नागरिको को रेलवे व हवाई यात्रा में किराये में छूट लागू करने व सभी विभागों में रिक्त पदों पर स्थायी भर्ती करने की मांग की। बैठक में जिला वित्त सचिव चंद्रभान नाहलिया, उपप्रधान रामचंद्र, सहसचिव महाबीर शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्या शकुंतला देवी, चांदीराम, ओमप्रकाश दलाल, सिवानी ब्लाक के प्रधान उमराव सिंह, बवानीखेड़ा के प्रधान संतुसिंह, भिवानी ब्लॉक के प्रधान बलवान सिंह दरोगा, तोशाम ब्लॉक के प्रधान अभयराम, सचिव बलबीर सिंह आदि नेता उपस्थित रहे।